blood and better facilities for surveillance, diagnosis and management of HIV/AIDS cases.

कुष्ठ रोग के उन्मूलन के लिये गुजरात की सहायता

77. **श्रीमती उर्मिला चिमनभाई पटेल :** क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गुजरात राज्य में कुष्ठ रोगियों की कुल संख्या कितनी है ;

(ख) क्या सरकारी अस्पतालों में कुष्ठ रोगियों के इलाज की व्यवस्था के अतिरिक्त राज्य में अलग कुष्ठ निवारण केन्द्र भी हैं ;

(ग) यदि हां, तो ऐसे केन्द्रों की संख्या कितनी है और ये राज्य में कहां-कहां स्थित हैं ;

(घ) केन्द्र सरकार ने चालू वित्त वर्ष में इन केन्द्रों के लिए कितनी सहायता राशि मंजूर की है और अब तक कुल कितनी सहायता राशि प्रदान की जा चुकी है ; और

(ङ) सरकार द्वारा इन रोगियों को कौन-कौन सी सुविधाएं मुफ्त दी जाती हैं ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री बी. शंकरानन्द) : (क) राज्य सरकार द्वारा दी गई सूचना के अनुसार अक्तूबर, 1994 के अंत में कुष्ठ रोगियों की कुल संख्या 15621 थी ।

(ख) और (ग) जी, हां । राज्य में 442 कुष्ठ केन्द्र/यूनिटें कार्य कर रही हैं । इन यूनिटों के नाम सहित इनकी सही स्थिति का अनुवीक्षण केन्द्रीय स्तर पर नहीं होता है ।

(घ) 30 लाख के आबंटन (नकद सहायता) के मुकाबले अब तक 15 लाख रुपये की राशि प्रदान की गई है । कुष्ठ रोधी औषधों की पर्याप्त मात्रा में नि:शुल्क सप्लाई की गई ।

(ङ) सभी रोगियों के लिए नि:शुल्क कुष्ठ रोधी उपचार सेवाएं उपलब्ध हैं ।

गुजरात में सरकारी अस्पतालों का आधुनिकीकरण किया जाना और उनका दर्जा बढ़ाया जाना

78. **श्री अनन्तराय देवशंकर दवे :** क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्र सरकार ने गुजरात राज्य में स्थित मध्यम दर्ज के सरकारी अस्पतालों का दर्जा बढ़ाने और उनके आधुनिकीकरण हेतु कोई योजना मंजूर की है ;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और राज्य में कौन-कौन से ऐसे अस्पताल हैं और वे कहां-कहां स्थित हैं ;

(ग) इस योजना के लिए कितनी धनराशि मंजूर की गयी है ; और

(घ) यह कार्य योजना कब से आरम्भ कर दी जाएगी और इसकी कितनी अवधि में पूरी हो जाने की सम्भावना है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री बी. शंकरानन्द) : (क) से (घ) गुजरात राज्य सरकार ने नीदरलैंड सरकार की सहायता से गुजरात में मध्य-स्तरीय अस्पतालों के विकास के लिए एक संशोधित प्रस्ताव वित्त विभाग को भेजा है । परियोजना की अनुमानित लागत 175 करोड़ रुपये हैं । उन्नयन किए जाने वाले प्रस्तावित अस्पतालों एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों की सूची विवरण । (**नीचे देखिये**) पर दी गई है । इस परियोजना की अनुमानित अवधि 7 वर्ष है ।

विवरण

उन्नयित, किये जाने वाले अस्पतालों की सूची

क्रम संख्या	स्थान
क	रेफरल स्तर
1	अहमदाबाद
2	जाम नगर
3	सूरत
4	बडोदरा
ख.	जिला स्तर
1	अमरेली
2	आनंद
3	भड़ोच
4	भुज
5	भावनगर
6	गोधरा
7	गाधीनगर
8	हिम्मतनगर
9	जूनागढ़
10	खम्बालिया
11	खेड़ा
12	लिम्बदी
13	महसाना
14	मोरबी
15	नाड़ियाड़
16	नवसारी
17	पालनपुर
18	पलनपुर
19	पटन
20	रायकोट
21	सुरेन्द्र नगर
22	बलसाड़

उन्नयित किये जाने वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों (एफ.आर.यू) की सूची

जिला	सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के स्थान
अहमदाबाद	धनधुका
खड़ा	डेकर बालामिनर
सुरेन्द्र नगर	चोटिला
वदोदरा	दभोई छोटौदपुर
पंचमहल	हलोल दहोद
भड़ौच	जमबूसर
सूरत	वयारा मांडवी
वलसाद	गन्दवी चिखली
महसाना	मंसा विजापुर
वनासकठा	देवधर राधापुर
सवरकंठा	ईदर खेदब्रामा
भावनगर	गरियाधर वोटाड
अमरेली	राजूला
जूनागढ़	मंगरोल कूटियन
राजकोट	वीरपुर वांकनेर
कच्छ	भुंदरा अंजर
जामनगर	धोल जमकल्याणपुर

उन्नयित किए जाने वाले कुल सामुदायिक स्वास्थय केन्द्र 130

International symposium on cell signalling and ovo implantation

79. SYED SIBTEY RAZI: Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state:

(a) whether some International symposium on cell signalling and ovo implantation was held at A.I.I.M.S. in recent past;

(b) if so, names of leading experts country-wise, who participated in it;

(c) what was the chief objective for organising such symposium;

(d) whether symposium experts have suggested some measures for human reproduction for better control of fertility and infertility;